सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

राजभवन देहरादून, 15 नवम्बर, 2023

जनजाति गौरव दिवस के अवसर पर बुधवार को राजभवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से उत्तराखण्ड की थारू, बुक्सा, जौनसारी और भोटिया जनजाति समुदाय के लोगों ने मुलाकात की। अपनी पारंपरिक पोशाक में आए इन लोगों को राज्यपाल ने जनजाति गौरव दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। राज्यपाल ने कहा कि सभी जनजातियां हमारा गौरव हैं, सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण व संवर्धन में उनका महत्वपूर्ण योगदान है। स्वाधीनता संग्राम में भी जनजाति समुदाय की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। राज्यपाल ने कहा कि जनजाति समुदाय की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत हम सभी को गौरवान्वित करती हैं।

राज्यपाल ने कहा कि जनजाति समुदाय के लोगों से उनका पुराना जुड़ाव रहा है। पूर्वोत्तर राज्यों में अपनी सेवा काल के दौरान अनुभवों को साझा करते हुए राज्यपाल ने कहा कि उन्हें लम्बे समय तक ऐसे लोगों के बीच कार्य करने का मौका मिला है। जनजाति समुदाय की संस्कृति और कला को बेहद करीब से जानने का मौका मिला है।

उन्होंने जनजाति समुदाय से आह्वान किया कि वे अपना उद्यम स्थापित करें और सरकार की रोजगारपरक योजनाओं का लाभ लें। राज्यपाल ने कहा कि यह हम सभी की जिम्मेदारी है कि जनजाति समुदाय को आगे बढ़ाने के भरपूर अवसर प्रदान किये जाएं और उनकी बेहतर शिक्षा और रोजगार में सहयोग दें। इस अवसर पर राज्यपाल की धर्मपत्नी श्रीमती गुरमीत कौर, निदेशक जनजाति कल्याण एस.एस.टोलिया, अपर निदेशक योगेन्द्र रावत, समन्वयक राजीव सोलंकी आदि उपस्थित रहे।

..........0..........